# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

December, 2022

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 05

## स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर मेकिंग के विजेताओं को किया पुरस्कृत



प्रतियोगिता के विजेता प्रमाण पत्रों के साथ। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/ मोहन लाल पानीपत :** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के तत्वाधान में इंटरनेशनल डे ऑफ एलिमिनेशन ऑफ वायलेंस अगेंस्ट विमेन पर स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर मेकिंग कंपीटिशन्स का आयोजन कराया गया। कंपीटिशन्स की संयोजिका अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीलम दहिया रही। प्रतियोगिता में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेना अति सराहनीय है। प्रतियोगिता में निर्णायक दल की भूमिका में प्रोफेसर इरा गर्ग, डॉ. किरण मदान एवं डॉ.क्टर जोगेश रहे। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में रिया प्रथम स्थान, स्नेहा द्वितीय स्थान और हरिसमरन कौर तृतीय स्थान पर रही तथा पोस्टर मेकिंग में नेहा प्रथम स्थान, प्रिया निकिता द्वितीय स्थान और तनीषा तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर डॉ. शशि प्रभा, डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ. प्रवीण कुमार, प्रो. विनय वादवा, प्रो. सोनल डोगरा, प्रो. शीला मलिक, प्रो. प्रिया बरेजा आदि मौजूद रहे।




## क्विज में कशिश को मिला पहला स्थान

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग ने बीसीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कक्षा में मल्टीमीडिया क्विज हुई। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। संचालन बीसीए तृतीय वर्ष के क्लास इंचार्ज प्रो. नीतू मनोचा और प्रोफेसर करुणा ने किया। प्रतियोगिता में लगभग 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान कशिश, द्वितीय स्थान दीपक, तृतीय स्थान यश और चतुर्थ स्थान सूरज ने प्राप्त किया। हम सब मोबाइल और कंप्यूटर पर जो भी कार्य करते हैं, जैसे कैमरा से फोटो क्लिक करना, उसको सेव करना, इंटरनेट पर काम करना, फाइल अपलोड करना आदि मल्टीमीडिया में ही शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। संवाद

> "Nothing is impossible. The word itself says 'I'm possible!'" – **Audrey Hepburn**

## स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में रिया ने मारी बाजी

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में इंटरनेशनल डे ऑफ एलिमिनेशन ऑफ वायलेंस अगेंस्ट वीमेन पर स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में रिया ने प्रथम स्थान, स्नेहा ने द्वितीय और हरसिमरन कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में नेहा ने प्रथम, प्रिया, निकिता ने द्वितीय और तनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों ने आकर्षक स्लोगन एवं पोस्टर बनाए। हमारा उद्देश्य इन गतिविधियों के द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना है। प्रतियोगिता में निर्णायक दल की भूमिका में प्रोफेसर इरा गर्ग, डॉ. किरण मदान एवं डॉ. जोगेश रहे। इस अवसर पर डॉ शशि प्रभा, डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ. प्रवीण कुमार, प्रो. विनय वादवा, प्रो. सोनल डोगरा, प्रो. शीला मलिक, प्रो. प्रिया बरेजा, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. स्माइली, प्रो. मंजू नरवाल, प्रो. रेखा नैन, प्रो. सविता, प्रो. सृष्टि, प्रो. मंजू मौजूद रहे। संवाद

## एड्स के खात्मे के लिए दिलाई शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, एनएसएस यूनिट, एनसीसी यूनिट और संस्कारशाला क्लब ने विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया। 'एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना' थीम पर आधारित कार्यक्रम में रोहित जोशी, प्राची, तनु, अक्षित और सागर ने एड्स जागरूकता पर रंगोली बनाई। बाद में एनसीसी के संयोजक लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को एड्स के प्रति जागरूकता और एड्स को खत्म करने के लिए शपथ दिलाई।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि विश्व एड्स दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य एड्स को लेकर हर उम्र के लोगों के बीच में जागरूकता बढ़ाना है। रेड रिबन क्लब संयोजक प्रो. पवन कुमार ने भी विचार रखे। कार्यक्रम सफल बनाने में प्रोफेसर नीतू मनोचा और प्रोफेसर रितु भारद्वाज ने अहम भूमिका निभाई।



विश्व एड्स जागरूकता दिवस आईबी कॉलेज में शपथ लेते हुए।



विजेता छात्रों को सम्मानित करते प्रबंधन समिति के लोग।

### सभी को होनी चाहिए एड्स से बचाव की जानकारी

**मतलौडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व एड्स रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को एड्स के खिलाफ जागरूक किया गया। ब्रिगेडियर डॉ. सतीश अग्रवाल ने कहा कि जागरूकता ही एड्स से बचाव है। हमें खुद भी इसके खिलाफ जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी करना चाहिए। हर व्यक्ति को एड्स के कारण और उसके बचाव की जानकारी होनी चाहिए। संवाद

### स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में ईशु ने मारी बाजी

**इसराना।** विश्व एड्स दिवस पर गीता यूनिवर्सिटी नौल्था में छात्रों को जागरूक करने के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ईशु प्रथम रहीं। आयोजित प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी के अलग विभागों के करीब 25 छात्रों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को प्रो. चांसलर अंकुश बंसल, वीसी डॉ. विकास सिंह, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. गुलशन चौहान ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता संचालन करते हुए इति व पूर्णिमा ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपने विचारों को स्लोगन के रूप में प्रस्तुत किया।

निर्णायक मंडल में डीएसडब्ल्यू हेड डॉ. प्रेरणा डावर, डॉ. रितेश गुप्ता व डॉ रेखा नारंग रहे। विश्व एड्स दिवस पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में ईशु ने प्रथम, वैभव ने द्वितीय व अदिति ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## 12 विद्यार्थियों ने यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में लिया भाग

*सवेरा न्यूज/ विनोद पांचाल*

पानीपत, 1 दिसम्बर : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने यूथ रेडक्रॉस संयोजिका एवं भौतिकी विभागाध्यक्षा प्रो. सोनिया के नेतृत्व में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के सौजन्य से जिला रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत द्वारा एसडी महाविद्यालय में आयोजित हुआ। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि रेडक्रॉस का उद्देश्य मानव जीवन की रक्षा करना है। किसी भी देश में किसी परेशानी के दौरान संस्था सामने आकर ज्यादा से ज्यादा मानव जीवन की रक्षा करती है। यूथ रैडक्रॉस संयोजिका प्रो. सोनिया ने कहा कि रैडक्रॉस का मुख्य कार्य मानव सेवा है। रेडक्रॉस इंसानियत और आपसी सद्भाव के भाव हर एक कार्यकर्ता में पैदा करता है। शिविर में आईबी महाविद्यालय के छात्र मनीष और छात्रा मानसी ने क्विज प्रतियोगिता में तृतीय और आयशा नूर ने गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों का नेतृत्व करने के लिए यूथ रेडक्रॉस संयोजिका प्रो. सोनिया को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रो. पी.के.नरूला, प्रो.सोनिया, लिपिक प्रेम बजाज व ममता मौजूद रहे।



आईबी कालेज में यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए। (मोहन लाल)

Editor-in-Chief: Dr. Ajay Kumar Garg

Edited, Drafted & Designed by: Dr. Sunita Dhanda, Dr. Nidhi, Sh. Ashwani Gupta

December, 2022

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 05



पानीपत। आईबी कालेज में प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

## विद्यार्थियों के लिए एक मोनोग्राम डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** जीटी रोड स्थित आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमकॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एक मोनोग्राम डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय कंपनी, रेस्टोरेंट व व्यवसाय से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपना प्रस्तुतीकरण देना था।

प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन वाणि य एवं प्रबंधन विभाग के सौजन्य से किया गया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के युग में भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए इस तरह की गतिविधियों में भाग लेना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर जीवन में सफ ल होना है तो अपने आंतरिक व बाहरी दोनों संघटको विकसित करना होगा।

वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रतियोगिता का आयोजन एम कॉम फाइनल ईयर की प्रो. रूहानी शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम आरती, द्वितीय अंजली, तृतीय स्थान छाया सैनी व सांत्वना पुरस्कार रेनू ने प्राप्त किया।

## आईबी महाविद्यालय मे नेटवर्क टोपोपोलोजीस प्रतियोगिता आयोजित

प्रवीन ठाकुर



**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग ने बीसीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कक्षा में ₹ नेटवर्क टोपोलोजीस ₹ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने इस विषय पर अलग-अलग विचार व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता का संचालन बीसीए तृतीय वर्ष के क्लास इंचार्ज प्रोफेसर नीतू मनोचा और प्रोफेसर करुणा के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता, द्वितीय स्थान कशिश और तृतीय स्थान पंकज रोहिल्ला और अंजू ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने नेटवर्क टोपोलॉजिस में रिंग, स्टार, बस, फुली एसोसिएटेड एंड हाइब्रिड टोपोलॉजिस के बारे में बताया। नेटवर्क टोपोलॉजिस का मतलब यह होता है कि हम एरिया के अकॉर्डिंग किस तरह से सिस्टम को किस शेप में कनेक्ट किया जाए ताकि हमारा नेटवर्क कनेक्शन बहुत अच्छे तरीके से चले। प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है जोकि उनको भविष्य में उनके करियर चुनने में भी सहायता करता है। कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ विक्रम कुमार ने बच्चों के कार्य की सराहना की और कहा की ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है अतः विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़ - चढ़कर भाग लेना चाहिए।

आज समाज 03

पानीपत, रविवार, 04 दिसम्बर 2022

## आईबी पीजी कॉलेज में प्रश्नोत्तरी और पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन



विजेता प्रतिभागियों के साथ स्टाफ सदस्य। आज समाज

अनुरेखा लाम्बरा

**पानीपत।** जीटी रोड स्थित आईबी महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रो. विनय भारती और प्रो. मिलन शर्मा के द्वारा प्रश्नोत्तरी और पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिता प्रो. अश्वनी गुप्ता के नेतृत्व में की गई।

इस अवसर पर डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के लिए आज के समय में बहुत आवश्यक है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में कौशल का विकास करती हैं। इस प्रतियोगिता में बी सी ए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया।

विजेताओं को प्रशस्त पात्र देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ अजय कुमार गर्ग जी ने विजेता विद्यार्थियों को व कंप्यूटर विभाग के सभी सदस्यों को जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योगदान दिया उन सभी को बधाई दी।

**पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता के परिणाम**

| | |
|---|---|
| प्रथम स्थान | आर्यन |
| द्वितीय स्थान | अनुराधा |
| तृतीय स्थान | जतिन |

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के परिणाम**

| | |
|---|---|
| प्रथम स्थान | रोहित जोशी, केशव |
| द्वितीय स्थान | विशाल, काजल |
| तृतीय स्थान | शिवम, आशु |

## पर्यावरण प्रदूषण विषय पर हुई पोस्टर बनाओ एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

पानीपत, 5 दिसम्बर (खर्ब) : स्थानीय आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वावधान में बी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण प्रदूषण विषय पर आयोजित पोस्टर बनाओ एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्राचार्य डा. अजय कु मार गर्ग ने कहा कि प्रदूषण का हर प्राणी पर नकारात्मक और खतरनाक प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती दर के कारण मनुष्य विभिन्न रोगों का शिकार होता जा रहा है। अत: पर्यावरण का ध्यान रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

विभागाध्यक्ष डा. शशि प्रभा का कहना है कि पर्यावरण प्रदूषण एक चिंता का विषय है, जो हमारे आने वाले भविष्य को खोखला कर देगा, इसलिए हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखने के मिलकर काम करने की जरूरत है। आज एक छोटी सी मदद कल एक बड़ी खुशी लौटाएगी।

### स्लोगन प्रतियोगिता में भावना प्रथम

**स्लोगन** प्रतियोगिता में भावना प्रथम, खुशबू द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में डा. शशि प्रभाव और डा. सुनीता डंडा ने निर्णायक मंडल की भूमिका वहन की। गतिविधि का संचालन डा. पूजा, प्रो. रितु एवं डा. रेखा द्वारा किया गया।



*प्रतियोगिता में पोस्टर दिखाते हुए विद्यार्थीगण।* (पंकेस)

"You define your own life. Don't let other people write your script." – **Oprah Winfrey**

## वाद विवाद प्रतियोगिता में काजल ने पाया पहला स्थान

अनुरेखा लाम्बरा



प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। आज समाज

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय टेक्नोलॉजी वरदान या अभिशाप रहा। इसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता अंग्रेजी विभाग के प्रो. सृष्टि शर्मा द्वारा करवाई गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर तथा बिना हरजीत की भावना के पूर्ण उत्साह से हिस्सा लेना चाहिए ताकि छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त हो सके। इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का आयोजन करवा कर विद्यार्थियों के मौखिक कौशल का विकास करना है, जिसके लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन करवाए जाते हैं। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह एवं जोश के साथ हिस्सा लिया। कक्षाओं में इस प्रकार की गतिविधियां शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को रोचक व प्रभावी बनाती है। इससे बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और सोचने समझने की क्षमता बढ़ती है।

प्रतियोगिता से छात्रों में टेक्नोलॉजी के प्रयोग बारे जागरूकता बढ़ी। आज के जीवन में इसका उचित प्रयोग कितना अनिवार्य है इसकी जानकारी भी छात्रों को दी गई। इसके उचित प्रयोग से ही हम जीवन को सार्थक बना पाएंगे। टेक्नोलॉजी को तभी हम जीवन के लिए वरदान बना पाएंगे। प्रतियोगिता में कोमल प्रथम सिमरन द्वितीय और वंशिका तृतीय रही। प्रतियोगिता में प्रो. मंजू नरवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम दहिया ने भी इस प्रकार की गतिविधियों के महत्व को अंग्रेजी भाषा के विकास के लिए उपयोगी तथा अनिवार्य बताया।

## आईबी कॉलेज में मोटिवेशनल कोट्स प्रतियोगिता का आयोजन

आज समाज नेटवर्क



प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। आज समाज

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग की बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कक्षा में " मोटिवेशनल कोट्स " प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को काल्पनिक कोट्स बनाने थे। इस प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया।विद्यार्थियों ने सक्सेस लाइफ, एजुकेशन, पॉजिटिविटी इत्यादि पर काल्पनिक कोट्स बनाए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान प्रिंस, तृतीय स्थान मुस्कान, नेहा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. मोहित धीमान ने किया। प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है जोकि उनको भविष्य में उनके करियर चुनने में भी सहायता करता है। कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ विक्रम कुमार ने बच्चों के कार्य की सराहना की और कहा की ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है अतः विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## आईबी कालेज में निबंध प्रतियोगिता

इसराना/संजय पोपली : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विषय क्या प्लास्टिक बेन होना चाहिए और शहरीकरण के कारण प्रदूषण था। प्रतियोगिता में 13 विद्यार्थियों ने बढचढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने किया। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की तथा उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सुनित शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं तथा उन्हें भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाब होने में सहायक हैं। प्रतियोगिता में प्रथम,सिमरन बरेजा, दीपांशी ,द्वितीय पूजा , जतिन व सूरज तथा रितिक चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का कुशल संचालन प्रो. विनीता रिहानी ने किया।

I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

December, 2022

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 05

## आईबी कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतिस्पर्धा**

- कॉलेज की तीन स्ट्रीम्स, आर्ट्स, कॉमर्स तथा साईंस विभाग के कबड्डी के मैच करवाए गए

आज समाज नेटवर्क



प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग। आज समाज

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में गुरुवार को कबड्डी खेल के इंटराम्युरल्स करवाए गए। इसमें कॉलेज की तीन स्ट्रीम्स, आर्ट्स, कॉमर्स तथा साईंस विभाग के कबड्डी के मैच करवाए गए। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ आई बी प्रबंधक समिति के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी तथा प्राचार्य डॉ. अजय कुमार द्वारा करवाया गया। शारीरिक शिक्षा प्रभारी प्रो. राजेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका सुरेंद्र देशवाल ने की तथा कॉमर्स विभाग प्रथम व आर्ट्स ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रो. पी. के. नरूला, डॉ. किरण मदान, डॉ. पूनम मदान, डॉ. निधान सिंह, डॉ गुरनाम सिंह, प्रो. अजय पाल, डॉ. शर्मिला यादव, डॉ. जोगेश, डॉ. प्रवीन, डॉ. निधि तथा प्रो. मनीष मौजूद रहे। प्राचार्य महोदय ने इस सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी प्रो राजेश कुमार तथा प्रो सुरेंद्र देशवाल को बधाई दी तथा बताया की इस तरह की प्रतियोगिताओं में चहुंमुखी विकास होता है तथा छिपी हुई प्रतिभा बाहर आती है।

## एंटी करप्शन डे पर एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों को शपथ दिलाई



एंटी करप्शन डे पर एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थी शपथ लेते हुए। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/ मोहन लाल पानीपत :** आईबी पीजी महाविद्यालय में एनसीसी और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कालेज प्रांगण में एंटी करप्शन डे पर एनसीसी कैडेट्स और अन्य विद्यार्थियों को एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने शपथ दिलवाई। शपथ में उन्होंने कहा कि हम सभी कभी भी गलत काम में किसी भागीदारी का हिस्सा नहीं बनेंगे और ना ही किसी के साथ कुछ भी गलत होने देंगे। एंटी करप्शन डे का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना है। उप प्राचार्य प्रोफेसर पीके नरूला जी ने कहा कि दुनिया भर में 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है भ्रष्टाचार एक दीमक की तरह है जो हमारे समाज, हमारे अर्थव्यवस्था और पूरे देश को खोखला कर रहा है यह समाज और देश के विकास में बड़ी बाधा है। इस अवसर पर प्रो. नीतू, प्रो. रितु ने अहम भूमिका निभाई। 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन, सोनीपत से पी.आई स्टाफ मौजूद रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अक्षय प्रथम



प्रो. सुखजिंदर विजेता बच्चों के साथ। (पंकेस)

पानीपत, 8 दिसम्बर (खर्ब) : जी.टी. रोड स्थित आई.बी.पी.जी. महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए व्यष्टि अर्थशास्त्र विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 30 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में विकास होता है। ज्ञान को बढ़ावा मिलता है। गतिविधि का संचालन प्रोफ़ैसर सुखजिंदर सिंह ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान म, द्वितीय स्थान विकास, तृतीय स्थान चाहत ने प्राप्त किया। विजयी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

विभागाध्यक्ष डा. सुनित शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों की विषय में रुचि बढ़ती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने भविष्य के प्रति सचेत रहें और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे।

## आईबी कॉलेज में सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलाई

अनुरेखा लाम्बरा



सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ लेते विद्यार्थी। आज समाज

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस, एनसीसी यूनिट और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेज प्रांगण में सड़क सुरक्षा महाअभियान के अंतर्गत "सड़क सुरक्षा" के नियमों पर शपथ दिलवाई गई। जिसका मुख्य उद्देश्य वाहन चलाने के दौरान जान का जोखिम कम करने और यातायात के नियमों का पालन के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

इस अभियान के अंतर्गत लेफ्टिनेंट राजेश कुमार के द्वारा विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को शपथ दिलवाई गई, जिसमें उन्होंने यह कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें इत्यादि।

उप-प्राचार्य प्रो. पीके नरूला ने कहा कि हमें यातायात चलाते समय स्वयं के साथ-साथ दूसरों का भी ध्यान रखना चाहिए। फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस जैसी गाड़ियों को हमें पहले आगे जाने का रास्ता देना चाहिए। एनएसएस अधिकारी डॉ. जोगेश ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हमें पूरे भारत में सड़क सुरक्षा से जुड़ी कमियों को सामने लाने के साथ ही इसके समाधान की राह खोजने का प्रयास करना चाहिए। लोग सुरक्षित सफर तय कर सके इसके लिए जन सामान्य को भी जागरूक करने की कोशिश करनी चाहिए। इस अभियान को सफल बनाने में प्रोफेसर नीतू और प्रोफेसर रितु ने अहम भूमिका निभाई।

"Discipline is just choosing between what you want now and what you want most." – Abraham Lincoln

# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

December, 2022

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 05


## प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखायी कविता

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की प्रो. स्माइली की ओर से बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को रॉबर्ट ब्रोविंग द्वारा लिखित रैब्बी बेन एजरे नामक कविता दिखाई। साथ ही द स्कॉलर जिप्सी नामक कविता भी दिखाई एवं समझाई।

इस प्रकार की गतिविधि में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर रुचि दिखाई। प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को ऐसी कवितायें दिखाने से उन्हें लाभ होता है। डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विभाग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों से विधार्थियों में पढ़ने के प्रति रुचि पैदा होती है। समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम करवाते रहने चाहिए। इससे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलता है। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम दहिया ने भी संबोधित किया। कहा कि इस तरह की गतिविधियों से चहुंमुखी विकास होता है। संवाद




## भाषण प्रतियोगिता में शाहिद ने मारी बाजी



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में एमए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 23 विधार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शाहिद ने प्रथम, रमन ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. सविता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता अंग्रेजी विभाग की प्रो. मंजू चंद ने करवाई। प्रतिभागियों ने कहा कि द वेस्ट लैंड एक आधुनिक युग का महाकाव्य है। इसमें 434 पंक्तियां और पांच सेक्शन हैं, जो प्रथम विश्व युद्ध के बाद का है। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कहा कि छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं मे बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम दहिया ने कहा कि ऐसी गतिविधियों अंग्रेजी साहित्य और भाषा के विकास के लिए उपयोगी सिद्ध होती है। प्रो. सोनल, प्रो. मंजू रानी, प्रो. प्रिया, प्रो. शीला आदि रहे। संवाद

"Success is not final, failure is not fatal: it is the courage to continue that counts."- Winston Churchill

## अंर्तराष्ट्कीय स्तर पर होता है युद्ध का दुष्प्रभाव : डा. गर्ग

**सवेरा न्यूज/ मोहन लाल**

पानीपत, 12 दिसम्बर : आइबी स्नातकोत्तर विद्यालय में बीए कक्षा के विद्यार्थियों के लिए राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय अंतरराष्ट्कीय स्तर पर होने वाले युद्ध का प्रभाव को बताना था। प्रतियोगिता में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ अजय गर्ग द्वारा प्रोत्साहित किया गया और बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि युद्ध से होने वाले विनाश से कैसे पूरी दुनिया प्र?ावित होती है तथा इसको राजनीति के दृष्टिकोण से कैसे समझा जा सकता है। राजनीतिक विज्ञान की अध्यक्षता डॉ किरण मदान ने बताया कि युद्ध ना केवल दो राष्ट्कों में लड़ा जाता है बल्कि यह अंतरराष्ट्कीय स्तर पर भी अपना प्रभाव दिखाता है जिससे ना केवल विश्व का कुछ क्षेत्र बल्कि संपूर्ण विश्व ही प्रभावित होता है अंतर्राष्ट्कीय युद्ध के द्वारा विश्व अनेक गुटों में बट जाता है अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है इसी के साथ साथ संपूर्ण माननीय स्वभाव पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में प्रथम स्थान बीए तृतीय वर्ष से पूजा द्वितीय स्थान सिमरन और तृतीय स्थान रेखा ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर राहुल कुमार द्वारा किया गया।



आईबी कॉलेज में विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। (मोहन लाल)

## आईबी की खिलाड़ी कीर्ति ने वुशू में जीता ब्रांज मेडल


आईबी की विजेता खिलाड़ी कीर्ति अपने टीचरों के साथ। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/ विनोद पांचाल, पानीपत :** आईबी कालेज की वुशू टीम ने इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्र?ारी लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कीर्ति ने 60 किलो भार वर्ग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ब्रांज मेडल जीता। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ अजय गर्ग ने विजेता खिलाड़ी कीर्ति को सम्मानित किया तथा बधाई दी। कीर्ति पहले भी कई बार आईबी कालेज के लिए पदक जीत चुकी है तथा जीत का श्रेय छात्रा की मेहनत माता पिता तथा उसके कोच को दिया। इस अवसर पर डॉ. निधान सिंह ,प्रो. सुरेंद्र देशवाल, लिपिक प्रेम बजाज, ममता व मदन आदि उपस्थित रहे।

## स्लोगन प्रतियोगिता में भावना प्रथम

**स्लोगन** प्रतियोगिता में भावना प्रथम, खुशबू द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में डा. शशि प्रभाव और डा. सुनीता डंडा ने निर्णायक मंडल की भूमिका वहन की। गतिविधि का संचालन डा. पूजा, प्रो. रितु एवं डा. रेखा द्वारा किया गया।

## आर्टिकल लेखन प्रतियोगिता में खुशी अव्वल

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर विद्यालय में बीए के कक्षा के विद्यार्थियों के लिए मार्केटिंग मैनेजमेंट विभाग द्वारा आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय 'अंतर्राष्ट्रीय युद्ध का आर्थिक व्यवस्था पर प्रभाव' रखा गया। प्रतियोगिता में लगभग 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बीए तृतीय वर्ष से प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान काजल और तृतीय स्थान राजू ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने किया और बच्चों को इसके लिए प्रोत्साहित भी किया गया। संवाद

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

December, 2022
Issue No: 05

## रसायन विज्ञान में प्रथम, कंप्यूटर साइंस में द्वितीय एवं प्राणी शास्त्र विज्ञान में तृतीय स्थान किया हासिल

सवेरा न्यूज/ मोहन लाल

पानीपत , 11 दिसम्बर:आईबी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय फार गर्ल्स, घरौंडा में आयोजित अंतरजिला विज्ञान प्रदर्शनी में रसायन विज्ञान में प्रथम, कंप्यूटर साइंस में द्वितीय एवं प्राणी शास्त्र विज्ञान में तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का परचम लहराया।



विज्ञान प्रदर्शनी में रसायन विज्ञान में प्रथम आए छात्रों को सम्मानित करते हुए।(मोहन लाल)

जिला विज्ञान प्रदर्शनी में कर्नल एवं पानीपत के करीब 16 महाविद्यालय की 61 टीमों के लगभग 150 युवा वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने कहा कि करनाल और पानीपत के महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने स्थान हासिल किया है। रसायन विभागाध्यक्ष प्रो. रंजना शर्मा ,कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डा. विक्रम कुमार, जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. पवन कुमार, कंप्यूटर साइंस सब्जेक्ट के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रो. अश्वनी गुप्ता, रसायन विभाग से प्रो. सिमरन ,जीव विज्ञान विभाग से प्रो.भावना मलिक एवं सभी विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। सब्जेक्ट्स के मॉडल को लाइब्रेरी के प्रांगण में प्रदर्शित किया गया ताकि बाकि सभी विद्यार्थी अपना ज्ञान अर्जित कर सकें। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानितकियागया ।

इसअवसर पर डा. मोहम्मदईसाक, डा.निधानसिंह, अर्पणागर्ग, प्रो.सोनिया, प्रो.इरागर्ग, प्रो.अंजूश्री, प्रो.किरण, प्रो.रजनी, अमितकुमार, नवीनकुमार उपस्थितरहे।

---

आईबी पीजी कॉलेज में साइंस कॉन्क्लेव • 27 स्कूलों के 250 से ज्यादा विद्यार्थियों ने लिया भाग

## सबसे अच्छा कॉलोज बनाकर सोनिया और मुन्नी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज | पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में मंगलवार को साइंस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 27 स्कूलों के करीब 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर कोलाज मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग और डिजिटल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकुम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दाहिया मुख्यातिथि रहे। कहा कि सभी प्रतियोगिताएं रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर आधारित रही। डॉ. कुलबीर, प्रो. परवेश रंगा, प्रो. चिंकी, डॉ. शिखा, प्रो. वीनू भाटिया, प्रो. विवेक तनेजा, प्रो. सुधीर पुजारा, डॉ. प्राण नाथ, प्रो. प्रवीन, प्रो. मुकेश गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मुख्य सभा में मंच संचालन प्रो. भावना व प्रो. सिमरन ने किया।

**इन-इन स्कूलों के बच्चों ने जीते मेडल**
डॉ. एमकेके आर्य मॉडल स्कूल, द मिलेनियम स्कूल, डीएवी सेंटिनरी पब्लिक स्कूल, एसडी मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्य बाल भारती स्कूल, एसडीवीएम हुडा, आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जीएसएसएस तहसील कैंप, एमएएसडी स्कूल, आईबी एल पब्लिक स्कूल, पब्लिक स्कूल, स्कूल जाटल, बाल विकास स्कूल, दयाल सिंह जीएसएसएस, जीजीएसएसएस पानीपत आदि स्कूलों के बच्चों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए



पानीपत. आईबी पीजी कॉलेज में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

### ये रहे परिणाम

**प्रश्नोत्तरी**
प्रथम- शशांक, विक्री व अनिकेत
द्वितीय- सौरव, हीरल व आस्था।
तृतीय- गरिमा, वंश, प्राची, दीप्ति, खुशी व लोकेश।
सांत्वना- विशु, सावन व बलजीत।

**पोस्टर मेकिंग**
प्रथम- राधिका, भूमिका व खुशी
द्वितीय- अंचित, कृतिका, लविशा व रितिका
तृतीय- तान्या,भूमि सैनी
सांत्वना- लोकेश, हिमांशी, सान्या

**कोलाज**
प्रथम- सोनिया व मुन्नी
द्वितीय- ग्रीशमा
तृतीय- नेहा
सांत्वना- आस्था, एंजल व सुप्रीही

**मॉडल प्रदर्शनी**
प्रथम- चिंतन, भौमिक, स्मृति, तान्या, पारुल व खुशी
द्वितीय- रक्षिता, यश, ख्याति, संध्या व कुमकुम
तृतीय- शशांक, युवराज, पुलकित, मोक्ष, अदिति व सिमरन
सांत्वना- यदु, नवीश, वंश, कार्तिक, गुंजन, लवली, गरीश, आदि, आर्यन

---

Tell me and I forget. Teach me and I remember. Involve me and I learn. *-Benjamin Franklin*

I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT
www.ibpgcollegepanipat.ac.in

December, 2022 COLLEGE NEWSLETTER(आईना) Issue No: 05

# मंजू ने जीता गोल्ड मेडल



पानीपत। आईबी कॉलेज में विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो: हरिभूमि

## कला प्रदर्शन में प्रिया रहीं अव्वल

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में एमए इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए जॉन कीट्स इज ए राइटर ऑफ ओड्स विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कुल विद्यार्थियों में से 15 ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान प्रिया, द्वितीय दिशा व शाहिद और तृतीय स्थान पर रमन सरोहा व कन्नू रहे। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग और प्रोफेसर नीलम दहिया ने विजेता छात्रों को बधाई दी। प्राचार्य अजय गर्ग ने बताया कि जॉन कीट्स के ओड्स की महानता उनके अद्भुत ढंग एवं स्टाइल में निहित है, जो भावना इनमें व्यक्त की गई है, वैसी भावना शेक्सपियर के सोनेट के अतिरिक्त अंग्रेजी साहित्य में अन्यत्र कहीं दिखाई नहीं देती। प्रोफेसर रेखा शर्मा ने भी विचार रखे। विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम दहिया ने कहा कि भविष्य में भी उन्हें इस प्रकार की एक्टिविटीज में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। संवाद

When you reach the end of your rope, tie a knot in it and hang on. *-Franklin D. Roosevelt*

## आईबी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में एमए इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए जॉन कीट्स एस ए राइटर ऑफ ओड्स विषय पर प्रो. रेखा शर्मा द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे और कुल विद्यार्थियों में से 15 विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्राचार्य अजय गर्ग ने कार्य की सराहना करते हुए बताया कि जॉन कीट्स के ओड्स की महानता उन के अद्भुत ढंग एवं स्टाइल में निहित है, जो भावना इनमें व्यक्त की गई है। वैसी भावना शेक्सपियर के सोनेट के अतिरिक्त अंग्रेजी साहित्य में अन्यत्र कहीं दिखाई नहीं देती। विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम दहिया ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में भी उन्हें इस प्रकार की एक्टिविटीज में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और उससे उनका भविष्य उज्ज्वल बना रहेगा। विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम दहिया ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान प्रिया द्वितीय दिशा व शाहिद और तृतीय स्थान पर रमन सरोहा व कन्नू रहे प्राचार्य डॉ अजय गर्ग ने व प्रो. नीलम दहिया ने विजेता छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## आईबी कालेज के छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र की मैरिट सूची में लहराया परचम



आईबी कालेज में विजेता छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र की मेरिट सूची में आने पर सम्मानित करते हुए। (मोहन लाल)

December, 2022

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 05

## आईबी पीजी कॉलेज के छात्रों ने केयू द्वारा आयोजित एमए हिंदी अंतिम वर्ष में मेरिट सूची में स्थान हासिल किया

अनुरेखा लाम्बरा

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के छात्रों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में एमए हिंदी अंतिम वर्ष के छात्र प्रदीप कुमार ने पहला, छात्रा नीलम ने दूसरा, छात्रा शिवानी ने चौथा, अमन ने पांचवा, छात्रा अंजली ने छटा, छात्रा शालू ने आठवां स्थान प्राप्त किया। एमए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा रचना ने प्रथम व छात्रा स्वाति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आईबी प्रबंध समिति के महासचिव श्रीयुत एलएन मिगलानी ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय कीपरम्परा के अनुरूप विश्वविद्यालय में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा व हर संभव मदद की जाएगी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा यह विद्यार्थी सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। जिस प्रकार इन विद्यार्थियों ने मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा ले कर अपना लक्ष्य प्राप्त करना चाहिए। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ शशि प्रभा ने बताया कि 2014 से लगातार हमारे विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि हिंदी में रोजगार की कमी नहीं है। अगर विद्यार्थी में प्रतिभा है तो वह किसी भी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकता है। आईओसीएल, एमटीएनएल, पत्रकारिता, बैंक, अनुवादक, अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में भी छात्रों के लिए रोजगार के अनेक अवसर हैं। डॉ. शशि प्रभा ने कहा कि जिस प्रकार सूर्य जलकर प्रकाश फैलाता है, उसी प्रकार अथक प्रयास से ही सफलता हासिल होती है। कॉलेज प्रबंध समिति एवं प्राचार्य महोदय ने कॉलेज स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व प्राध्यापकों की मेहनत व कुशल मार्गदर्शन को दिया। सम्मान समारोह के अवसर पर डॉ शशि प्रभा, डॉ गुरनाम, डॉ सुनीता ढांडा, डॉ जोगेश, डॉ पूजा मलिक, प्रो ऋतु, डॉ रेखा मलिक आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।



मेरिट सूची आए विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ अजय गर्ग, विभागाध्यक्ष डॉ शशि प्रभा एवं अन्य। **आज समाज**

## आईबी कालेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई

**सवेरा न्यूज/ विनोद पांचाल पानीपत :** जीटी रोड स्थित आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का विषय भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था चुनौतियां और संभावनाएं था। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही बौद्धिकता का भी विकास होता है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को बिना हार जीत की भावना के पूर्ण उत्साह से ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए ताकि उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त हो। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.पीके नरूला ने बताया की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश की अर्थव्यवस्था के बारे में अवगत कराना था। बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष से सुमित आनंद ने प्रथम, रोशनी ने द्वितीय स्थान, वैशाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. लीना आर्य व सुखजिंदर सिंह ने किया। निर्णायक की भूमिका प्रो.रीना, प्रो. सोनिया विरमानी ने निभाई। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

The greatest glory in living lies not in never falling, but in rising every time we fall. -*Nelson Mandela*

## आईबी कालेज में 'क्विजपिक एबल मी' प्रतियोगिता आयोजित

**सवेरा न्यूज/ मोहन लाल**

पानीपत, 17 दिसम्बर : आईबी पीजी कालेज में एमकॉम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एक 'क्विजपिक एबल मी' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 5 टीम ने भाग लिया। विद्यार्थियों से करंट अफेयर, एंटरटेनमैंट एवं वाणिज्य से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के अंदर की प्रतिभा बाहर आती है और उन्हें जीवन की वास्तविकता का ज्ञान होता है। प्रतियोगिता में प्रथम रितिका, प्राची एवं परमजीत सिंह टीम डी तथा द्वितीय अंतिम विर्णका व गिन्नी टीम सी रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो.राजेश बाला ने किया। प्रो. आंचल बता ने कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया।



आईबी पीजी कालेज के छात्र प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। (मोहन लाल)

## आईबी पीजी कॉलेज के विज्ञान विभाग द्वारा "साइंस कॉनक्लेव" का आयोजन किया





दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण एवं आयोजक व बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल का अवलोकन करते अतिथिगण। **आज समाज**

I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

# COLLEGE NEWSLETTER(आईना)

December, 2022

Issue No: 05

न्यूज डायरी

## मॉक टीचिंग में शक्ति और तमन्ना अव्वल



**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग की केमिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मॉक टीचिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें लगभग 25 बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने दिए हुए विषय को अपनी कक्षा में बेहद बखूबी तरीके से पढ़ाया व समझाया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शक्ति बीएससी तृतीय वर्ष से शक्ति व तमन्ना ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विभागाध्यक्ष प्रो. रंजना शर्मा ने निभाई। उन्होंने बताया कि इस तरीके के इस तरीके की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी का संपूर्ण विकास होता है व उसमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस तरीके की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के कौशल का विकास करती हैं। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. मोहम्मद ईशाक, डॉ. विक्रम कुमार, प्रो. ईरा गर्ग मौजूद रहे व गतिविधि का संचालन प्रो. सिमरन ने किया। संवाद

## आईबी कालेज में विद्यार्थियों के लिए कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगिता आयोजित



आईबी कालेज के विद्यार्थी कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगितामें भाग लेते हुए।(मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/ विनोद पांचाल, पानीपत :** आईबी कालेज के कॉमर्स डिपार्टमेंट मे बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों से करेंट अफेयर्स एवं कॉमर्स के सवाल पूछे गए।प्रतियोगिता में 24 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने किया। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की तथा उन्हें अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चो का हौसला बढ़ाते है और उनमे शिक्षण कौशल का विकास होता है। कामर्स डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डा. सुनित शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता बच्चो के भविष्य को उज्जवल करने में सहायक होती है एवं भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं मे कामयाब होने में सहायक है। प्रतियोगिता में सौरव ने चैंपियन बनकर प्रथम, द्वितीय दीक्षा, प्रेम सागर व मोहित, विशाल ने तृतीय, इशिका ने चौथा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आंचल बत्रा ने किया।

## स्वरोजगार अपनाकर जीवन करें ऊंचा : डॉ अजय गर्ग

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो



**पानीपत।** आई बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गृहविज्ञान द्वारा बेकिंग पर सर्टिफिकेट कोर्स के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें 15 विद्यार्थियों को दाखिला दिया गया।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने छात्र - छात्राओ को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के युग में आने वाली चुनौतयों का सामना करने के लिए इस तरह के स्किल ओरिएंटेड इनकम जेनरेटिंग कोर्स करना विद्यार्थियों के लिए जरुरी हो गया हैं। इस तरह के कोर्स करने से न केवल वे स्वरोजगार अपनाकर अपना जीवन स्तर ऊंचा कर सकते है बल्कि अपने परिवार की आर्थिक मदद भी कर सकते है।

विभागाध्यक्षा डॉ. सीमा ने कहा कि बेकिंग सर्टिफिकेट कोर्स के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं कक्षा पास होना जरुरी है। आज बेकरी आइटम्स की हर तरफ डिमाण्ड है। यदि आप मार्किटिंग का अच्छा तरीका जानते है तो आप बेकरी शैफ बनकर अपना करियर संवार सकते है।

कोर्स संचालिका प्रो. अंशिका ने कहा कि एक महीने के बेकिंग कोर्स के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के केक, चॉकलेट,डोनटस सिखाये गये। बेकर्स के लिए जॉब के ऑपशंस की कमी नहीं है। बेकरी,हॉट ब्रैड शॉप, डिपार्टमेन्ट स्टोर्स, होटल और कैफे सभी में बैकर्स की काफी डिमांड है। पूरी दुनिया में टूरिज़्म और एविएशन ने होटल बिजनेस के लिए अवसरों को बहुत बड़ा बना दिया है। इसके अलावा आप धीरे -धीरे खुद का बेकरी शॉप , रेस्तरां या फिर घर से ही केक व चॉकलेट का बिजनेस शुरू कर सकते हैं।

## प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखायी कविता

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की प्रो. स्माइली की ओर से बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को रॉबर्ट ब्रोविंग द्वारा लिखित रैब्बी बेन एजरे नामक कविता दिखाई। साथ ही द स्कॉलर जिप्सी नामक कविता भी दिखाई एवं समझाई।

इस प्रकार की गतिविधि में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर रुचि दिखाई। प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को ऐसी कवितायें दिखाने से उन्हें लाभ होता है। डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विभाग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों से विधार्थियों में पढ़ने के प्रति रुचि पैदा होती है। समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम करवाते रहने चाहिए। इससे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलता है। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम दहिया ने भी संबोधित किया। कहा कि इस तरह की गतिविधियों से चहुंमुखी विकास होता है। संवाद

"It is during our darkest moments that we must focus to see the light."— **Aristotle**

## राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में 'ग्रुप एंड देअर एप्लीकेशंस' विषय पर करवाई एक आमंत्रित वार्ता



कॉलेज प्रिंसीपल डा. अजय कुमार गणित के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तथा (दाएं) कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

## आईबी कॉलेज में मनाया गणित दिवस

कॉलेज में मैथमेटिकल एसोसिएशन द्वारा ग्रुप्स एंड देअर एप्लीकेशंस विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें गणित विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से प्रो. दिनेश खुराना मुख्य अतिथि रहे। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों की संबंधित विषय के प्रति रुचि बढ़ती है। प्रो. दिनेश खुराना ने विद्यार्थियों को ग्रुप्स के इतिहास और उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने ग्रुप थ्योरी के शुरुआत का कारण, मॉडर्न अलजेब्रा, बहुत सारे गणितज्ञ, गणित में अनुसंधान संभावनाओं, जॉब अवसरों आदि के विषय में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दीपाली व प्रो. साक्षी ने किया।

December, 2022

# COLLEGE NEWSLETTER(आईना)

Issue No: 05

## आईबी कॉलेज में संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग ने कराया हवन यज्ञ



आईबी कालेज के छात्र संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग हवन यज्ञ में भाग लेते हुए।

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**पानीपत/कौशिक** : आईबी महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग की प्रो.सोनिया वर्मा एवं विद्यार्थी कुमार विनय ने विधि विधान के साथ हवन का शुभारम्भ मंत्रो उच्चारण के साथ किया। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने बताया कि कालेज प्रबंधन की हमेशा से ये ही कोशिश रही है कि हम विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी दिलवाया जाए और हवन अथवा यज्ञ हिंदू धर्म में शुद्धीकरण का एक कर्मकांड है। हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करने के पश्चात पवित्र अग्नि में फल, शहद, घी, नारियल, अन्न आदि पदार्थों की आहुति प्रमुख होती है। जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो.पवन कुमार यजमान रहे । संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता ने बताया कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए भी ऋषि मुनि लोग यज्ञ किया करते थे। प्रो. पवन कुमार ने बताया कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और बैक्टीरिया खत्म होते हैं। सनातन धर्म में हवन का विशेष महत्व होता है। डा. अजय कुमार गर्ग ने संस्कारशाला क्लब की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रो. दीप्ति जुनेजा, प्रो. विनय भारती ,प्रो. अंजलि गुप्ता, अमित कुमार, ललित कुमार, प्रो. माधवी, प्रो. राजेश बाला, प्रो. सोनल, प्रो. मनित कौर ,प्रो. निशा गुप्ता ,प्रो. मिलन शर्मा ,प्रो. प्रीति मलिक, प्रो. नीतू मनोचा, प्रो. करुणा, प्रो. आकांक्षा, प्रो. साक्षी मुंजाल, प्रो. मंजिली ,प्रो. सृष्टि , प्रो. मोहित, प्रो. आंचल उपस्थित रहे।

आज समाज
पानीपत, मंगलवार, 27 दिसंबर 2022
03

## आईबी पीजी कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**अनुरेखा लांबरा**

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में सोमवार को एमकॉम प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 5 टीम ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने क्या कंप्यूटर अध्यापक का प्रतिस्थापन हो सकता है, विषय पर अपने विचार प्रकट किए।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के अंदर की प्रतिभा बाहर आती है और उन्हें जीवन की वास्तविकता का ज्ञान होता है। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सवार्गीण विकास होता है ।प्रतियोगिता में प्रथम रितिका, प्राची एवं परमजीत सिंह ( टीम डी) तथा द्वितीय भरत एवं अंजलि (टीम बी ) रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजेश बाला ने किया। प्रो. आंचल बत्रा ने इस कार्यक्रम में को सफल बनाने के लिए विशेष योगदान दिया।

The way to get started is to quit talking and begin doing. -*Walt Disney*

December, 2022

# COLLEGE NEWSLETTER(आईना)

Issue No: 05

31 Dec 2022 - Page 10

## आई.बी. महाविद्यालय में आयोजित मैचस्टिक क्राफ्ट प्रतियोगिता

**पानीपत (सच कहूँ न्यूज)।** आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीबीए के विद्यार्थियों के लिए मैचस्टिक क्राफ्ट प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के तहत विद्यार्थियों ने माचिस की तिल्ली से बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक वस्तुएं जैसे शोपीस, घर, फूल आदि बनाकर अपनी कला को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें रचनात्मक कौशल विकसित करने में तत्पर रहता है। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय में राष्ट्रीय, महाविद्यालय एवं विभाग स्तरीय क्रियाओं के साथ-साथ बहुत सारी कक्षा की गतिविधियां भी कराई जाती है। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने कहा कि कुछ सालों से हमारे महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल एक्सपोजर देने के लिए उनसे विभिन्न परियोजनाओं पर काम करवाते हैं जैसे कि व्यवसाय एवं वाणिज्य के विषय पर मॉडल बनवाना इत्यादि। इस गतिविधि का संचालन कक्षा की मेंटर प्रो. निशा ने किया एवं



उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीति (बीबीए तृतीय), द्वितीय स्थान स्वीटी (बीबीए तृतीय), तीसरा स्थान तनु एवं सिमरन (बीबीए तृतीय) एवं सांत्वना पुरस्कार स्नेहा, लविषा, पंकज एवं दीपांशु (बीबीए द्वितीय) ने प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## I.B. (PG ) COLLEGE, PANIPAT

Affiliated To Kurukshetra University ,Kurukshetra (Haryana)

Kurukshetra University Merit Holders

B.A.(Hons.) 6th Semester May - 2022

| S.NO. | Roll No. | Name of Student | Position |
|---|---|---|---|
| 1 | 191138423 | Chesta | First |
| 2 | 191138415 | Shahid | Second |
| 3 | 191138417 | Anjali | Fourth |
| 4 | 191138403 | Neha Maan | Sixth |
| 5 | 191138420 | Alisha | Fourteenth |

## ट्रेड वाल्टर प्रतियोगिता में अजय प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ट्रेड वाल्टर मॉक स्टॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नौ टीमों ने भाग लिया। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है।

इस प्रतियोगिता का संचालन प्रो. मनीत कौर ने किया। प्रतियोगिता में पहला स्थान अजय ने, प्रिंस एवं मयंक ने दूसरा स्थान अंजली एवं मुस्कान, तीसरा स्थान पारस एवं सारांश और सांत्वना पुरस्कार गार्गी एवं प्रियंका ने प्राप्त किया।

आर्ची मदान ने प्रतियोगिता में सहयोग किया। विजेताओं को



प्रतियोगिता में जीते विजेता

प्रतियोगिता के लिए प्रबंधक, प्राचार्य ने सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित किया। संवाद

## विद्यार्थियों के लिए ट्रेड वल्टर मॉक स्टॉक प्रतियोगिता आयोजित

सवेरा न्यूज/ मोहन लाल, पानीपत : जीटी रोड स्थित आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ट्रेड वल्टर मॉक स्टॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 9 टीमों ने भाग लिया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि आज की प्रतियोगिता वाले युग में विद्यार्थियों को पढ़ाई के ज्ञान के साथ-साथ दूसरी गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। ऐसी गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियो का ज्ञान वर्धन होता है एवं छिपी हुई प्रतिभा भी बाहर आती है। वाणज्यि एवं प्रबंधन विभाग अध्यक्ष डा. सुनित शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता करवाने से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। प्रतियोगिता का संचालन प्रो.मनीत कौर ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम अजय, प्रिंस, मयंक, द्वितीय अंजली एवं मुस्कान, तीसरा स्थान पारस एवं सारांश और सांत्वना पुरस्कार गार्गी एवं प्रियंका ने प्राप्त किया। विद्यार्थी आर्ची मदान ने वॉलंटियर बनकर प्रतियोगिता में सहयोग किया। विजेताओं को प्रबंधक, प्राचार्य ने सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया।



आईबी कालेज के विजेता छात्र। (मोहन लाल)

If life were predictable it would cease to be life, and be without flavor. *-Eleanor Roosevelt*